तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर सख्ती, बोतल-ड्रम में ईंधन देने पर रोक



10 बिजली गुल से हलाकान लोग, कांग्रेस ने दी आंदोलन ...



## खबर संक्षेप

### बेरला में 24 को सजेगा सतनामी समाज का मंच

**बेमेतरा।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला बेमेतरा द्वारा बेरला ब्लॉक के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित अन्य पदों के चुनाव एवं मनोनयन कार्यक्रम का आयोजन 24 मई 2026, रविवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सतनाम भवन बेरला में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। समाज पदाधिकारियों के अनुसार यह आयोजन केवल चुनाव प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की एकता, जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में समाज के अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी वर्ग तथा सभी सम्माननीय समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने की अपील की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एल. एल. कोशले उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजालाल बंजारे करेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में गुलाबदास टंडन एवं भुवन दास जांगड़े शामिल होंगे। आयोजकों ने कहा कि समाज की मजबूती, शिक्षा, व्यापार, सामाजिक सम्मान तथा संगठन विस्तार के लिए सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी समाजजनों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 1 जून को

**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत जिले में नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुल 17 पंच निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। वहीं अब जिले के तीन विकासखंडों में एक जनपद सदस्य एवं चार पंच पदों के लिए 01 जून 2026 को मतदान कराया जाएगा। इसके अलावा नामांकन प्राप्त नहीं होने के कारण सरपंच के दो पद रिक्त रहेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बेरला में जनपद सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 के लिए कुल 04 अभ्यर्थी मैदान में हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत पतोरा, रेवे, भरचट्टी एवं सिलघट-प अंतर्गत कुल 12 मतदान केंद्रों को शामिल करता है, जहां 01 जून को मतदान होगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत कोदवा के वार्ड क्रमांक 04 में पंच पद हेतु 02 अभ्यर्थी शेष हैं। विकासखंड बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत भरदा के वार्ड क्रमांक 03 एवं 10, ग्राम पंचायत कंडरका के वार्ड क्रमांक 08 तथा ग्राम पंचायत बावनलाख के वार्ड क्रमांक 09 में पंच पद पर अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। विकासखंड बेमेतरा में ग्राम पंचायत बंधी के वार्ड क्रमांक 05 में पंच पद हेतु 02 अभ्यर्थी तथा ग्राम पंचायत बेतर के वार्ड क्रमांक 08 में 03 अभ्यर्थी मैदान में हैं। वहीं ग्राम पंचायत पथर्रा के वार्ड क्रमांक 04, 06, 07, 09, 10, 11 एवं 13, ग्राम पंचायत भोइनाभाठा के वार्ड क्रमांक 04, ग्राम पंचायत रामपुर के शेष पेज 11 पर

# सरकार गांव-गरीब के द्वार तक पहुंचाकर दे रही योजनाओं का लाभ : दीपेश साहू

## चोरभट्टी व पिपरभट्ठा में खुलेंगे राशन दुकान भवन, बुरनबोड़ में बनेगा सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत चोरभट्टी के स्कूल परिसर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में क्लस्टर की 18 ग्राम पंचायतों से ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं, मांगों एवं योजनाओं के आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। विधायक ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता और समयसीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपने संबोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार "सुशासन, संवेदनशीलता और सेवा के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज शासन स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है, यही सुशासन की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर जनता और शेष पेज 11 पर



### ग्रामीणों की मांग पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

शिविर के दौरान सरपंचों एवं ग्रामीणों की मांग पर विधायक दीपेश साहू ने ग्राम चोरभट्टी में प्राथमिक शाला अहाता निर्माण एवं उचित मूल्य राशन दुकान, ग्राम बुरनबोड़ में सामुदायिक भवन तथा ग्राम पिपरभट्ठा में उचित मूल्य दुकान भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि बेमेतरा में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों को निशुल्क लाइब्रेरी सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से विशाल ऑडिटोरियम का निर्माण भी कराया जा रहा है।

**लापरवाही :** मोहरेंगा-तरकोरी में मानकों की खुली अनदेखी, वीआरबी और पक्की संरचना में आईं चौड़ी दरारें

# 80 लाख की नहर लाइनिंग में अनियमितता, उद्घाटन से पहले ही आईं दरारें, किसानों को नहीं मिला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिंचित क्षेत्र विकास प्राधिकरण (काडा) संभाग रायपुर के अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में सरकारी राशि की बंदरबांट और ठेकेदारी तंत्र की मनमानी का बड़ा मामला सामने आया है। तहसील मुख्यालय बेरला और ग्राम सोढ़ से महज तीन किलोमीटर दूर मोहरेंगा-तरकोरी क्षेत्र में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित ढाई किलोमीटर लंबी नहर लाइनिंग और 05 वीआरबी (विलेज रोड ब्रिज) निर्माण कार्य उद्घाटन से पहले ही सवालों के घेरे में आ गया है। काडा सब-डिवीजन दुर्ग द्वारा पिछले महीने ही पूर्ण कराए गए इस निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की खुलेआम अनदेखी किए जाने के आरोप लग रहे हैं। हालात यह हैं कि नई बनी पक्की नहर संरचना और वीआरबी में जगह-जगह चौड़ी दरारें उभर आई हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया तथा निर्माण एजेंसी ने गुणवत्ता नियंत्रण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की।

**नहर बनी, लेकिन पानी नहीं पहुंचा खेतों तक:** जानकारी के मुताबिक इस परियोजना का उद्देश्य सोढ़ वितरक नहर को तरकोरी नाले से जोड़कर आसपास के किसानों के खेतों तक फील्ड चैनल के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना था। मगर करोड़ों के दावों वाली यह योजना जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल नजर आ रही है। स्थिति यह है कि सोढ़ वितरक नहर के समीप काडा के ऊपरी चैनल और द्वार मिट्टी, मलबे और कचरे में दबे पड़े हैं।नतीजन नव-निर्मित नहर में आज तक पानी नहीं छोड़ा जा सका। किसानों का कहना है कि जिस नहर से खेतों को सिंचित करने का सपना दिखाया गया था, उसमें आज एक बूंद पानी तक नहीं पहुंच पा रही है।

**मुरम फिलिंग और तराई तक नहीं, जल्द ढहने का खतरा:** स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान न तो नियमानुसार मुरम फिलिंग की गई और न ही कंक्रीट को मजबूती देने के लिए आवश्यक वाटर क्युरिंग (तराई) कराई गई। यही वजह है कि निर्माण पूरा होते ही संरचनाओं में दरारें दिखाई देने लगी हैं। मोहरेंगा और तरकोरी के बीच निर्माण स्थल पर न तो कोई सूचना पटल लगाया गया है और न ही निर्माण एजेंसी संबंधी कोई पट्टिका दिखाई दे रही है। इससे कार्य की पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की नियमित मॉनिटरिंग और निरीक्षण नहीं होने से ठेकेदार को मनमानी करने की शेष पेज 11 पर





### किसानों में आक्रोश, जांच की मांग

निर्माण की गुणवत्ता और सिंचाई सुविधा शुरू नहीं होने से क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है। किसानों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कर दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लाखों ,करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद खेतों तक पानी नहीं पहुंचा, तो यह सीधे-सीधे सरकारी धन की बर्बादी और किसानों के साथ धोखा है।

### तांदुला परिक्षेत्र में कई निर्माण पहले से विवादों में

क्षेत्र में यह पहला मामला नहीं है। काडा और जल संसाधन विभाग के अंतर्गत तांदुला परिक्षेत्र में कई निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पहले से सवालों के घेरे में रही है। कई परियोजनाओं में निर्माण पूर्ण होने के बाद से ही दरारें, रिसाव और तकनीकी खामियां सामने आती रही हैं। अब मोहरेंगा-तरकोरी नहर लाइनिंग निर्माण भी उसी श्रेणी में शामिल होता नजर आ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि उच्च स्तरीय तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो पहली ही तेज बारिश में पूरी संरचना ध्वस्त हो सकती है।

### ऑफिस शिफ्टिंग की आड़ में अंतिम खेल की चर्चा

विभागीय गलियारों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि काडा परियोजना को आगामी समय में बोधघाट परियोजना में समाहित किए जाने की तैयारी चल रही है। इसके चलते रायपुर, दुर्ग और गंगरेल स्थित काडा सब-डिवीजन कार्यालयों को बस्तर संभाग में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है। इसी प्रशासनिक फेरबदल के बीच यह आशंका जताई जा रही है कि अधिकारी और ठेकेदार जवाब देही खत्म होने से पहले जल्दबाजी में अधूरे और घटिया निर्माण कार्यों का भुगतान कराने में जुटे हैं। क्षेत्र में इस बात की भी चर्चा है कि "दफ्तर समेटने" से पहले निर्माण कार्यों के नाम पर अंतिम दौर का खेल खेला जा रहा है।

# डायल-112 टीम की तत्परता से बची युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ क्षेत्र में डायल-112 सेवा टीम की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से एक युवक की जान बच गई। पारिवारिक विवाद के बीच आत्मघाती कदम उठाने जा रहे युवक को समय रहते बचाकर पुलिस जवानों ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। घटना के बाद पुलिस महकमे में डायल-112 टीम की सराहना की जा रही है।जानकारी के अनुसार डायल-112 सेवा टीम नवागढ़ को सूचना मिली थी कि नवागढ़ के तिलका पारा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद की स्थिति बनी हुई है। सूचना मिलते ही डायल-112 टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। टीम के पहुंचते ही घर के बाहर मौजूद एक महिला घबराई हालत में चिल्लाते हुए बताने लगी कि उसका बेटा फांसी लगा रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 में तैनात आरक्षक विजय कुमार घृतलहरे एवं चालक रविशंकर साहू बिना देर किए घर के भीतर पहुंचे। वहां लगभग 27 वर्षीय युवक पंखे से पर्दे का फंदा बनाकर झूल रहा था। पुलिस जवानों ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए युवक को नीचे उतारा और उसकी जान बचा ली। घटना के बाद युवक को तत्काल डायल-112 सेवा वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। समय पर पुलिस टीम के पहुंचने से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने डायल-112 टीम के कार्य की सराहना की। उन्होंने आरक्षक विजय कुमार घृतलहरे, चालक रविशंकर साहू एवं पूरी डायल-112 टीम की त्वरित कार्रवाई को प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा करना भी पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी है। डीआईजी ने सभी डायल-112 सेवा टीमों को ईमानदारी, अनुशासन और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए आम जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया।

वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं डीएसपी शशिकला उईके सहित जिले के थाना एवं चौकी प्रभारियों ने भी डायल-112 टीम को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।



फाइल : फोटो

# जिले में खुलेआम चल रहीं बोर गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में भूजल संरक्षण को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा जारी सख्त निर्देश और अवैध बोर खनन पर लगाए गए प्रतिबंध अब केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहे हैं। बेरला ब्लॉक के भिम्भौरी तहसील क्षेत्र सहित साजा क्षेत्र में इन दिनों अवैध बोर खनन का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। नियम-कायदों को ताक पर रखकर खननकर्ता दिन-दहाड़े भारी-भरकम बोर मशीनों के साथ ग्रामीण इलाकों में सक्रिय हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की चुप्पी और कार्रवाई के अभाव ने पूरे मामले को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। ग्रामीणों के मुताबिक सरहदी क्षेत्रों में प्रशासनिक निगरानी बेहद कमजोर होने का फायदा उठाकर बोर खनन माफिया बेखौफ तरीके से धरती का सीना छलनी कर रहे हैं। गांवों में लगातार बोर खनन की गाड़ियां घूमती देखी जा रही हैं, लेकिन न तो किसी प्रकार की जांच हो रही है और न ही मशीनों की जब्ती जैसी कार्रवाई। हालात यह हैं कि खननकर्ताओं को अब कानून या प्रशासन का जरा भी डर नहीं रह गया है।

- भूजल स्तर तेजी से गिरा, बढ़ा जल संकट का खतरा

अंधाधुंध और अवैध बोर खनन का सबसे गंभीर असर क्षेत्र के भूजल स्तर पर पड़ रहा है। लगातार हो रहे दोहन के कारण कई गांवों में जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह बिना अनुमति और बिना नियंत्रण के बोर खनन चलता रहा, तो आने वाले समय में क्षेत्र को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी के शेष पेज 11 पर



भिम्भौरी में सरकारी सिस्टम की कछुआ चाल

# स्कूल में 8 लाख रुपए का लैब कक्ष छह महीने से अधूरा, जर्जर होने लगी दीवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की सुस्त कार्यशैली और निष्क्रियता का मामला भिम्भौरी में सामने आया है। यहां हाईस्कूल परिसर के समीप करीब 08 लाख रुपये की लागत से बन रहा साइंस लैब कक्ष पिछले छह महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है।

निर्माण कार्य बंद होने से भवन अब धीरे-धीरे जर्जर होने लगा है और दीवारों में टूट-फूट के संकेत दिखाई देने लगे हैं। जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी को केवल एक किस्त जारी की गई, जिसके बाद फाइल आगे नहीं बढ़ी। बजट के अभाव में ठेकेदार ने काम रोक दिया और तब से निर्माण स्थल सुनसान पड़ा है। अधूरी बिल्डिंग अब सरकारी लापरवाही और विकास कार्यों में सुस्ती की प्रतीक बन गई है। ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन का आरोप है कि निर्माण स्थल पर कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता तिथि का कोई सूचना पटल तक नहीं लगाया गया है। इससे निर्माण कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर निर्माण पूरा नहीं हुआ तो भवन की गुणवत्ता पर भी गंभीर असर पड़ेगा। इस अधूरे निर्माण का सबसे बड़ा नुकसान विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है। पूरे शैक्षणिक शेष पेज 11 पर



## पुरुषोत्तम मास में पदमी में गूंज रही श्रीमद्भागवत कथा

# संतुष्ट जीवन ही सबसे उत्तम जीवन : पंडित पूर्णेंदु तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पदमी में कलार समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हो रहा है। समाज द्वारा प्रतिवर्ष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, वहीं इस वर्ष अधिक मास के पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन विशेष रूप से कराया जा रहा है।

कथा का शुभारंभ 21 मई से हुआ है, जो 29 मई तक चलेगा। कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ रही , जहां कथा व्यास पूर्णेंदु तिवारी ने संगीतमय और सुमधुर शैली में कथा का रसपान कराया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि "जितना प्राप्त है, वही पर्याप्त है। संतुष्ट जीवन ही सबसे उत्तम जीवन होता है।" उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास में किए गए पूजा-पाठ, जप, यज्ञ और दान का फल अन्य महीनों की तुलना में सौ गुना अधिक प्राप्त होता है। महाराज जी ने युवाओं और श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। यदि किसी मंजिल को पाने में पहली बार सफलता न मिले तो निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि सच्ची लगन और मेहनत से पुनः प्रयास करना चाहिए। दृढ़ संकल्प और सतत प्रयास से सफलता निश्चित रूप से मिलती है।



### दोपहर 1 बजे से बह रही है हरि नाम की गंगा

प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक कथा प्रवचन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरा ग्राम भक्ति भाव में डूबकर कथा श्रवण कर रहा है। इस आयोजन में मुख्य रूप से मन्नू सिन्हा, गंगाप्रसाद सिन्हा, बिसहत ठाकुर राम सिन्हा, तुलसीराम सिन्हा, नारायण सिन्हा,खेमलाल सिन्हा, गिरधारी सिन्हा, गणपत सिन्हा, मनहरण सिन्हा, धन्नू सिन्हा, दशरथ सिन्हा, सुखदेव सिन्हा, टोपसिंग सिन्हा, कन्हैया सिन्हा, राम सिन्हा, धनऊ सिन्हा, किशोरी सिन्हा, मोतीलाल सिन्हा, बुधराम सिन्हा, होमन सिन्हा, युवराज सिन्हा, शंभू सिन्हा, बिसम्भर सिन्हा, धनीराम सिन्हा, दुखित सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, चितरेन सिन्हा, विश्राम सिन्हा, ईश्वर सिन्हा, गोकुलचंद सिन्हा, गौकरण सिन्हा, शिवसागर सिन्हा, काशीराम सिन्हा, राजेश जायसवाल एवं ग्राम की सरपंच हेमलता सोनू सिन्हा सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं।



# बिजली गुल से हलाकान लोग, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

## बिजली कंपनी के चीफ इंजीनियर संजय खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

भिलाई-दुर्ग सहित पूरे जिले में इन दिनों बिजली कटौती और बिजली अचानक घंटों के लिए गुल होने की वजह से लोग परेशान है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। यहां एई से लेकर ईई स्तर के अधिकारी भी लोगों के फोन नहीं उठा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के फोन भी नहीं उठाया जा रहा है। इधर बिजली उपभोक्ता भीषण गर्मी के बीच खासे परेशान है। लगातार बिजली दफ्तरों में शिकायत की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है।

इसे देखते हुए कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता मुख्य इंजीनियर संजय खंडेलवाल से मिला। उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही चेतावनी दी कि




जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। बाकलीवाल ने कहा कि पिछले एक वर्ष से दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। हल्की आंधी, बारिश अथवा तूफान आते ही शहर के अनेक बिजली फीडर बंद हो जाते हैं, जिससे घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। इस अव्यवस्था के कारण आमजन जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है तथा व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। गया नगर, बघेरा क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि कई बार रात देर तक बिजली बंद रहती है और सुधार कार्य में अनावश्यक विलंब किया जाता है। संजय खंडेलवाल समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर नेका प्रतिपक्ष नेता संजय कोहले, अलताफ अहमद, कौशल किशोरसिंह, राय सिंह ढिकोला, राजू भाटिया, प्रेमलता साहू, नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, देव श्री साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बिजली बहाली को लेकर रातभर डटा रहा अमला, एक हजार से ज्यादा फाल्ट सुधारे, धैर्य रखने की अपील



दुर्ग। 19 मई की शाम आए भीषण आंधी-तूफान के कारण दुर्ग जिले के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। युद्ध स्तर पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। अधिकांश उपभोक्ताओं को मात्र 2 घंटे के भीतर राहत मिल गई, बड़े फॉल्ट को भी सुबह 3 बजे तक ठीक कर लिया गया। शेष फॉल्ट को भी शीघ्र सुधारा जा रहा है। तूफान के कारण 60 एचटी एवं एलटी बिजली के खंभे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्ग-भिलाई शहर के 15 से अधिक मुख्य स्थानों पर विशालकाय पेड़ों की शाखाएं सीधे बिजली लाइनों पर गिरी। 400ट्रांसफार्मरों के डीओ फ्यूज और 700 ट्रांसफार्मरों के एलटी फ्यूज उड़ गए। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जगह-जगह इंसुलेटर पंचर होने और पोल टूटने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। इसे सुधारा जा रहा है। नगपुरा, रसमड़ा, धमधा, स्मृति नगर, नेहरू नगर सहित ग्रामीण इलाके बुरी तरह प्रभावित हुआ। मेंटेनेंस का काम लगातार जारी है, ताकि भविष्य में ऐसी परेशानी सामने न आए।

## खबर संक्षेप

### एनएचएम कर्मचारियों के वेतन का बजट जारी

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यानी एनएचएम कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वित्त नियंत्रक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ के लिए 424 करोड़ 68 लाख 34 हजार रुपए का बजट जारी किया गया है। इस बजट के जारी होने के बाद एनएचएम कर्मचारियों के वेतन भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सचिव स्वास्थ्य अमित कटारिया, मिशन संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं और आयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं का आभार व्यक्त किया है।

### धनोरा में सट्टा-पट्टी लिखते तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने ग्राम धनोरा श्मशान घाट के पास रेड कार्रवाई करते हुए सट्टा-पट्टी लिखते तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सलमान रजा, उम्र 27 वर्ष, निवासी रूआबांधा आजाद चौक, असलम खान उम्र 25 वर्ष, निवासी रूआबांधा मस्जिद के पास और आयुष शाह उम्र 20 वर्ष, निवासी रूआबांधा यादव चौक के पास, थाना भिलाई नगर शामिल हैं। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तैयारियों को लेकर ली समीक्षा बैठक, दिए जरूरी निर्देश

# इस बार समय से पहले मानसून की आहट, संभावित बाढ़ से निपटने प्रशासन की टीम हुई सक्रिय, बनाया कंट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिला इन दिनों लू की चपेट में है। पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है, इस बीच राहतभरी खबर सामने आई है। मौसम विभाग की मानें तो इस बार मानसून समय से पहले पहुंचेगा। इसे देखते हुए प्रशासन ने भारी वर्षा और बाढ़ की आशंका को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक सभी विभागों के अधिकारियों को बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों के लिए समय रहते पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अभिजीत सिंह ने सभी तहसीलों और नगरीय निकायों में कंट्रोल रूम स्थापित करने और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उनकी सूचना जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में अस्थायी राहत शिविर पहले से चिन्हित कर लिए जाएं और वहां भोजन, चिकित्सा, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पूर्ण कर लेने को कहा।जिले में पिछले वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगर निगम दुर्ग के कुछ हिस्से आंशिक रूप से प्रभावित हुए थे। प्रशासन द्वारा ग्रामवार राहत टीमों का गठन कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वासित किया गया था। इस वर्ष भी मानसून के दौरान आपदा से निपटने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम स्तर पर टीम तैयार करें और राहत शिविरों में पुनर्वास की पूर्ण तैयारी रखें। बैठक में अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम धमधा सोनाल डेविड, एसडीएम भिलाई 3 महेश राजपूत, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, रिसाली आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले में 24 घंटे सक्रिय रहेगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष, कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0788-2320601 जारी

#### बाढ़ नियंत्रण कक्ष रहेगा 24 घंटे सक्रिय रहेगा



जिले में नियंत्रण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जिला कार्यालय के रूम नम्बर 24 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0788-2320601 है। यह कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगा। जिला सेनानी होमगार्ड कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0788-2320121 और 0788-2320120 पर सम्पर्क कर सकते हैं। पुलिस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 9479192099 पर संपर्क कर सकते हैं। जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी राहत केम्पों हेतु भवन चिन्हित कर उनमें आवश्यक व्यवस्था करने को कहा। प्रत्येक चिन्हित भवन का अग्रिम निरीक्षण कर प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। राहत व्यवस्था के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लेने को कहा। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लिए मछुआरों एवं छोटी नावों की सूची तैयार करने व नावों से संबंधित संपर्क नंबर भी नियंत्रण कक्ष में संधारित करने को कहा। सीएमएचओ को निर्देशित किया गया कि आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दवाई एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था की जाए। जिले का कोई भी चिकित्सालय डॉक्टर विहिन नही रहे एवं जीवन रक्षक दवाईयां सभी चिकित्सालय में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे।

### दुर्ग शहर में बारिश के पूर्व तैयारियां शुरू, कसारीडीह नाला की कराई जा रही सफाई



**दुर्ग।** बारिश के मद्देनजर नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर में जलभराव और जल निकासी संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं निगम अमला लगातार शहर की व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहा है। इसी क्रम में लोक कर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने वार्ड पार्षद दीपक साहू, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी शेखर दुबे के साथ सहगल ऑटो के समीप कसारीडीह नाला पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष तैयारी की जा रही है।जानकारी अनुसार शंकर नाला मुक्तिधाम के पीछे से सफाई अभियान प्रारंभ कर सुराना कॉलेज केलबाड़ी नाला, पोटिया नाला सहित कसारीडीह नाला की व्यापक सफाई कराई जा रही है। साथ ही जलभराव संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम प्रशासन बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के प्रमुख नालों एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जिला प्रशिक्षण महाअभियान के लिए हुई बैठक

## संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास और संगठनात्मक दक्षता को बढ़ाने प्रशिक्षण आवश्यक




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत 25 और 26 मई को जिला बालोद में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला भिलाई के प्रभारी रामजी भारती उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग की विस्तृत रूपरेखा और कार्य विभाजन पर बिंदुवार चर्चा करते हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। रामजी भारती ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास एवं संगठनात्मक दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यपद्धति, जनसंपर्क कौशल और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण की भावना से सशक्त बनाना है। जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के सफल संचालन के लिए विभिन्न दायित्वों का सुव्यवस्थित कार्य विभाजन किया गया है। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं को सुचारु और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग समितियों एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में प्रमुख वक्ताओं के रूप में सांसद विजय बघेल, प्रदेश प्रशिक्षण संयोजक डॉ. अवधेश जैन, संजय श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री और प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी यशवंत जैन, जगन्नाथ पाणिग्रही, रामजी भारती, प्रभुनाथ मिश्रा, महेश वर्मा, बृजेश भोजपुरिया आदि उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम सत्र को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय संबोधित करेंगी। बैठक में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोसेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, प्रशिक्षण वर्ग संयोजक गोपाल कृष्ण वर्मा, प्रशिक्षण नियंत्रक योगेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा आदि मौजूद थे।

## मई के 31 दिन में 1084 पीएम आवास बनाने का लक्ष्य, बने सिर्फ 200 मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग



जिला पंचायत सभा कक्ष में सीईओ बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन

- जिला पंचायत के सीईओ की बैठक में अधिकारियों को दो-टूक, लापरवाही पर आरआरसी प्रकरण होंगे दर्ज

अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिला दुर्ग को 31 मई तक 1084 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य प्राप्त होने की जानकारी दी गई। इसमें जनपद पंचायत धमधा को 174, दुर्ग को 483 एवं पाटन को 427 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य सौंपा गया है। समीक्षा में पाया गया कि बीते 20 दिनों में केवल 284 आवास पूर्ण हुए हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शेष 800 आवासों को प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में प्रथम किश्त जारी होने के बावजूद 806 हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है। कई मामलों में राशि के दुरुपयोग की जानकारी सामने आने पर ऐसे हितग्राहियों के विरुद्ध 7 दिवस के भीतर आरआरसी प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

#### महिलाओं को 50 हजार से 5 लाख तक का लोन

समीक्षा के दौरान वुमेन लेड एंटरप्राइज फाइनेंस पहल की भी जानकारी दी गई। एनआरएलएम के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार एवं व्यवसाय विस्तार के लिए 50 हजार से 5 लाख तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले को 1000 महिला उद्यमियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से 350 का लक्ष्य जनपद पंचायतों को आवंटित किया गया है।बैठक में मनरेगा अंतर्गत मांग आधारित सभी निर्माण कार्य प्रारंभ करने, 15 जून तक स्वीकृत कार्य पूर्ण करने तथा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालय निर्माण एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की नियमित समीक्षा के निर्देश भी दिए गए।

## गौठान में पशुओं को गर्मी से राहत दिलाने ग्रीन नेट की व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत पशुओ की

- कोसानाला स्थिति गौठान में पशुओं के लिए शेड निर्माण

देखरेख के लिए गौठान स्थापित है। जहां नई उड़ान महिला समिति द्वारा पशुओ की देखरेख की जाती है। यहां पशुओ को गर्मी से राहत दिलाने ग्रीन नेट की व्यवस्था की गई है।

निगम क्षेत्र के कोसानाला स्थिति गौठान में घूमन्तु पशुओ को रखा जाता है। पशुओ की देखरेख, चिकित्सा सुविधा समिति द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं नगर निगम भिलाई द्वारा पानी और हरा चरा की व्यवस्था उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे पशुओ को किसी प्रकार की परेशानी न हो। गौठान के अंदर पशुओ के लिए अलग से 2 शेड निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से 1 शेड का कार्य पूर्ण हो चुका है और दूसरा शेड निर्माणाधीन है, जो जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। भीषण गर्मी को देखते हुए पशुओ को गर्मी से बचाने के लिए ग्रीन नेट लगाया गया है, जिससे पशुओ को गर्मी से राहत मिल सके। कुछ गौ सेवकों द्वारा भी हरा चारा और ग्रीन नेट प्रदान किया गया है।

## पं. पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का विचार ही भाजपा का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत सोमनी में दो दिवसीय जिला वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में कार्य

- दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सोमनी में संपन्न

विस्तार, संगठन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर चर्चा और मंथन किया गया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पं. पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का विचार ही भाजपा का मूल मंत्र है। हमारा लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है और यह तभी संभव है जब संगठन बूथ स्तर तक मजबूत हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन स्थापित हुआ है। अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की पाठशाला है। यहां से निकला हुआ कार्यकर्ता विचार से लैस होकर समाज के बीच जाता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक बारीकियों और केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पानीग्राही सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा ने किया।

#### भाजपा की रीढ़ और संगठन की शक्ति है कार्यकर्ता



## दुर्ग न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान वर्क फ्रॉम होम और वाहन पूलिंग व्यवस्था लागू

**दुर्ग।** दुर्ग कोर्ट में इन दिनों ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। इस दौरान प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन एवं ऊर्जा संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्क फ्रॉम होम तथा वाहन पूलिंग व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर मुख्यालय में उपलब्ध वरिष्ठ न्यायाधीश चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा जारी परिपत्रों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रति सप्ताह अधिकतम दो दिवस वर्क फ्रॉम होम" की अनुमति प्रदान कर सकते हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय एवं न्यायालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बनी रहे, जिससे न्यायालयीन कार्य प्रभावित न हो। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्क फ्रॉम होम की अनुमति प्राप्त कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में घर से कार्य करने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्यालय अथवा न्यायालय में उपस्थित होने हेतु दूरभाष के माध्यम से उपलब्ध रहने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### ग्रामीणों ने जनदर्शन में की शिकायत, कहा- 20 गांवों में पेयजल आपूर्ति होगी प्रभावित

# शिवनाथ से पानी लाने बिरोदा से होकर खोदी जा रही पाइपलाइन, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

ग्राम बिरोदा से ग्रामीणों ने निरगंगा इस्पात प्राइवेट लिमिटेड बोरिया के शिवनाथ नदी से पानी लेने के लिए पाइपलाइन के लिए गड्ढा खोदने को लेकर जनदर्शन में शिकायत की है।

ग्रामीणों ने कहा कि फैक्ट्री नदी का पानी लेने के लिए प्रयासरत है। इससे आसपास के 20 गांवों में पेयजल और निस्तारी जल का संकट होगा। इस पर रोक लगाने की मांग ग्रामीणों ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से की। जनदर्शन में इस प्रकार के 115 आवेदन आए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा।

जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 155 आवेदन प्राप्त हुए।

### कलेक्टर जनदर्शन में आए 115 आवेदन, टीएल बैठक में की गई समीक्षा



#### जमीन का अधिग्रहण, लेकिन 3 साल से नहीं मिला मुआवजा

इसी प्रकार बोरसी निवासी ने मुआवजा राशि के लिए गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके भूमि का सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। भूमि का कुल मुआवजा 2,45,480 रुपये तय किया गया था। लेकिन 3 साल बीत जाने के बावजूद राशि नहीं मिली है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को परीक्षण कर नियमानुसार मुआवजा राशि प्रदान करने को कहा।

#### तालाब के आसपास हो रहा कचरा डंप, सूखने का खतरा

राजमहल ग्रीन टाउन कॉलोनी और सुंदर बिहार कॉलोनी के निवासियों ने तालाब के पास कचरा डंपिंग और रात में जलाने की शिकायत की। कॉलोनीवासियों ने बताया कि तालाब के किनारे जमा कचरा बारिश और हवा के कारण सीधे तालाब में जा रहा है। इससे पानी हरा, बदबूदार और प्रदूषित हो गया है, जिससे भूजल दूषित होने का खतरा बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों में त्वचा रोग, आंखों में जलन, दमा और पेट की बीमारियों की शिकायतें बढ़ गई हैं। निवासियों ने नगर निगम से कचरा डंपिंग और जलाने को तुरंत रोकने, तालाब के पास जमा कचरे को हटवाने की मांग की। नगर निगम भिलाई के अधिकारी ने बताया कि इसके लिए टेंडर हो गया है। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र कार्यवाही करने को कहा।

## खबर संक्षेप

### हनुमंत गार्डन के पास भारी अव्यवस्था, हादसे की आशंका

**कवर्धा।** शहर के व्यस्त इलाके हनुमंत गार्डन के ठीक बगल में सड़क किनारे दुकानें संचालित है। दुकानों के सामने ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इस मार्ग पर पहले से ही सड़क पर तीखा मोड़ है। ऐसे में मोड़ के आसपास दुकानों और पार्क किए गए दोपहिया व चारपहिया वाहनों के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को हादसे का खतरा बना हुआ है। जिस पर दुकानों के सामने ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। जिस पर कार्रवाही की मांग की गई।

# जिले के खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

- 19 गोल्ड सहित 36 मेडल जीतकर कवर्धा के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

जिले के खिलाड़ियों द्वारा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन कर रहे है। वहीं बिलासपुर में आयोजित पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट चैंपियनशिप-2026 में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया।

जिले के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 19 गोल्ड, 10 सिल्वर एवं 7 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया और कबीरधाम को स्टेट चैंपियन बनने का गौरव दिलाया। खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, अनुशासन और बेहतरीन तकनीक ने प्रतियोगिता में सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस उपलब्धि से जिलेभर में खुशी और उत्साह का माहौल है। जिसमें बालिका वर्ग में आरोही श्रीवास, संतोषी कोसले, प्रीति आदिले, प्रिया निषाद, आराध्या मिश्रा, शौर्या श्रीवास्तव, स्नेहल श्रीवास्तव, श्रियांशी ठाकुर, सौम्या सोनी एवं आद्या शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया।

वहीं समृद्धि श्रीवास्तव, जान्हवी श्रीवास्तव, सकीना लहरे, माही गुप्ता, पूनम लांझेकर, लिशा सिंह एवं अर्पिता मिश्रा ने रजत पदक हासिल किया। नव्या चंद्रवंशी, श्रुति चंद्राकर, अवनी गुप्ता एवं राधिका आदिल ने कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही साथ बालक वर्ग में अर्पित, सहेज, आदेश चंद्रवंशी, आशीष केशरवानी, अनस खान, आयुष तुरकर, प्रांजल चंद्राकर, दक्ष देशलहरे एवं मनीष निषाद ने स्वर्ण पदक जीते। सोहम चंद्रवंशी, नैतिक निषाद एवं ढाल सिंह पाली ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि राहुल लांझी ने कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया।

### कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में चैंपियन बनकर उभर रहा है



जिले के पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सचिव मनीष निषाद ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 25 से 28 जून तक नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के खिलाड़ी प्रतिदिन आईएएस स्कूल में शाम 5:30 बजे से रात 8 बजे तक नियमित अभ्यास करते हैं। खिलाड़ियों की मेहनत और निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि आज कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में चैंपियन बनकर उभरा है।

## अनदेखी: शासकीय जमीनों में धड़ल्ले से चल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार

# कवर्धा में बेखौफ भू-माफिया, नहर नालों तक काटे जा रहे अवैध प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अवैध प्लाटिंग का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने जिलाधीश को किया शिकायत कवर्धा शहर सहित कवर्धा विकास योजना (पुनर्विलोकन) 2031 में शामिल ग्रामों में शासकीय जमीनों पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नहर, नालों, घास भूमि (चारागाह) एवं अन्य राजस्व भूमि पर अतिक्रमण कर प्लॉट काटे जा रहे हैं। इस अवैध गतिविधि के चलते न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि भविष्य में जल निकासी व्यवस्था और पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगहों पर खुलेआम शासकीय जमीनों को निजी संपत्ति बताकर बेचा जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

प्रशासन की निष्क्रियता के कारण यह अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे क्षेत्र में अव्यवस्थित विकास और आम जनता के साथ धोखाधड़ी की स्थिति बन रही है। जिले में अवैध प्लाटिंग का मामला अब गंभीर कानूनी उल्लंघन का रूप ले चुका है। कवर्धा शहर सहित शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद बिना अनुमति कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है।

नियमों के अनुसार किसी भी भूमि का विकास (प्लाटिंग) करने से पहले टीएनसीपी की अनुमति, रेरा पंजीयन तथा भूमि का विधिवत डायवर्जन (कृषि से आवासीय) अनिवार्य होता है। इसके बावजूद इन प्रक्रियाओं की अनदेखी कर बड़े पैमाने पर प्लॉट काटे जा रहे हैं।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति चिंताजनक है।

ग्राम पंचायत स्तर पर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (कालोनाइजर का रजिस्ट्रेशन, नियंत्रण तथा शर्तें) नियम 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जानकारों के मुताबिक, बिना अनुमति की जा रही इस प्लाटिंग से न केवल शासन को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है, बल्कि भविष्य में सड़क, नाली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की गंभीर समस्या भी खड़ी हो सकती है।

### विभाग की लापरवाही से फल-फूल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल



प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने कहा की कवर्धा शहर के चारों दिशाओं में राजस्व विभाग की गंभीर लापरवाही के चलते अवैध प्लाटिंग का कारोबार तेजी से फैल रहा है। भूमाफिया शासकीय भूमि पर खुलेआम कब्जा कर उसे प्लॉट के रूप में बेच रहे हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस पूरे मामले में विभागीय अधिकारियों-पटवारी, आरआई, तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)-की भूमिका संदेह के घेरे में है। इन अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि कुछ पटवारियों की भूमाफियाओं के साथ सांठगांठ के चलते यह अवैध गतिविधियां बेखौफ जारी हैं। प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। जिलाधीश से शिकायत कर इस पर कठोर कार्यवाही की मांग किया गया है।

# भीषण गर्मी व उमस के बीच बिजली कटौती से आम नागरिक परेशान

- भीषण गर्मी में बच्चों के सेहत पर पड़ रहा दुष्प्रभाव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के बिजली सब स्टेशन कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन परेशान हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच बार-बार बिजली बंद होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर तेज गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल है, वहीं दूसरी ओर लगातार बिजली कटौती से स्थिति और अधिक कठिन हो गई है। वर्तमान समय में इतनी अधिक गर्मी पड़ रही है कि बिना पंखा और कूलर के रहना मुश्किल हो गया है, लेकिन नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिना मौसम खराब हुए भी लगातार लाइन काटी जा रही है। दिन और रात में बार-बार बिजली गुल होने से लोग गर्मी से राहत पाने के लिए सुरक्षित और ठंडे स्थान की तलाश कर रहे हैं। छोटे बच्चों को भी गर्मी के कारण स्वास्थ्य गत तथा अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली पूर्ति की मांग

क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में बिजली ही एकमात्र सहारा है, जिससे पंखे और कूलर चलाकर कुछ राहत मिल सकती है। ऐसे में लगातार बिजली कटौती से लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं विद्युत विभाग से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए कोलेगांव बिजली सब स्टेशन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिल सके।

## पेज 9 का शेष

### सरकार गांव-गरीब के ....

शासन के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बन रहे हैं। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।शिविर में विधायक दीपेश साहू ने एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण के लिए सोख्ता गड्ढा निर्माण को बढ़ावा देने की अपील भी की।

**विभागीय स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की दी जानकारी:** शिविर में स्कूल शिक्षा, पुलिस, लोक निर्माण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, खाद्य, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी, खेल, प्रधानमंत्री आवास योजना, मत्स्य, सहकारिता, श्रम विभाग एवं लोक सेवा केंद्र सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं सामग्री वितरित की गई। राजस्व विभाग द्वारा किसानों को किसान किताब प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग ने हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए तथा निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत पोषण सामग्री का वितरण किया। इसके अलावा नोनी सुरक्षा योजना के तहत एलआईसी बीमा बॉन्ड प्रमाण पत्र एवं सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत पासबुक प्रदान की गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर में 15 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र तथा पात्र-हितग्राहियों को राशन कार्ड भी वितरित किए गए।

### 80 लाख की नहर लाइनिंग ...

खुली छूट मिल गई। **अधिकारियों ने साधी चुप्पी:** जब इस मामले में काडा सब-डिवीजन कार्यालय से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वहां मौजूद कर्मचारी ने कहा कि "यहां न अधिकारी हैं और न स्टॉफ, जानकारी रायपुर सब-डिवीजन से मिलेगी।" वहीं प्रभारी एसडीओ और सब इंजीनियर एस.के. रावटे से संपर्क किया गया, परंतु उनकी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया गया।

### जिले में खुलेआम ...

मौसम में पहले से ही कई हैंडपंप और कुएं जवाब देने लगे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का भी मानना है कि अनियंत्रित भूजल दोहन भविष्य में कृषि, पेयजल व्यवस्था और पर्यावरण संतुलन के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। बावजूद इसके जिम्मेदार अमला पूरे मामले में मौन साधे बैठा हुआ है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग:** स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सब कुछ जानकारी में होने के बावजूद संबंधित अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि अवैध बोर खनन में लगी मशीनों और वाहनों को तत्काल जब्त कर खननकर्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र का भूजल बचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

### स्कूल में 8 लाख रुपए ....

सत्र के दौरान छात्र- छात्राएं बिना साइंस लैब के ही प्रैक्टिकल कार्य करने को मजबूर रहे। प्रयोगात्मक शिक्षा प्रभावित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। भले ही वर्तमान में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं, लेकिन आगामी 16 जून से स्कूल खुलने के बाद भी लैब कक्ष तैयार होने की संभावना बेहद कम नजर आ रही है। इससे नए सत्र में भी विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। भिम्भौरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र वर्मा ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि लैब कक्ष अधूरा रहने से बच्चों का प्रैक्टिकल कार्य लगातार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विभाग से शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। अब सवाल यह है कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर मामले पर कब सक्रिय होगा और विद्यार्थियों को आधुनिक लैब सुविधा कब तक मिल पाएगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप ...

वार्ड क्रमांक 07 तथा ग्राम पंचायत डुडां के वार्ड क्रमांक 04 में पंच निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। विकासखंड साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरावनगर के वार्ड क्रमांक 03 में पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, जबकि ग्राम पंचायत सोमईखुर्द के वार्ड क्रमांक 01 में 02 अभ्यर्थी होने के कारण मतदान कराया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड नवागढ़ में ग्राम पंचायत मुरता के वार्ड क्रमांक 15 तथा ग्राम पंचायत अतरगंवा के वार्ड क्रमांक 10 में पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार नवागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत बोटेबोड़ तथा बेरला विकासखंड की ग्राम पंचायत सुरहोली में सरपंच पद हेतु कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। दोनों पंचायतों में सरपंच पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

# क्षेत्र में गर्मी से बचाव व राहत का कवच-खुमरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच सुबह 8 बजे के बाद घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे समय में गांवों में आज भी पुराने रीति-रिवाज और पारंपरिक पहनावे लोगों के लिए राहत का साधन बने हुए हैं। ग्राम कंझेटा निवासी यादव युवक आज भी पारंपरिक खुमरी पहनकर सुबह से भेड़-बकरी चराने निकलते हैं। उनका कहना है कि तेज धूप के बावजूद खुमरी पहनने से शरीर को गर्मी का एहसास नहीं होता और पूरा शरीर ठंडक महसूस करता है। उन्होंने बताया कि सुबह खाना खाकर लगभग 8 बजे घर से निकल जाते हैं और पूरे दिन धूप में रहने के बावजूद खुमरी उन्हें गर्मी से बचाने का काम करती है। ग्रामीणों के अनुसार यह पुरानी परंपरा आज भी उपयोगी साबित हो रही है। यादव ने कहा कि खुमरी केवल पहनावा नहीं, बल्कि धूप से बचने का एक प्राकृतिक कवच है, जो शरीर को आराम और ठंडक प्रदान करता है। पुराने समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी ग्रामीण जीवन में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।

# कवर्धा को अपराध का अड्डा बनाकर बैठे हैं गृह मंत्री : नवीन जायसवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदेश की भाजपा सरकार और गृह मंत्री विजय शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर भाजपा सरकार को पूरी तरह विफल बताया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कवर्धा जिले में लगातार बढ़ती चोरी, डकैती, लूट, हत्या, गैंगरेप, धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़, मूर्तियों के खंडन, अवैध शराब बिक्री और सट्टा-जुआ जैसे गंभीर अपराधों ने आम जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में जीने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा अपने ही जिले में कानून व्यवस्था संभालने में विफल साबित हो रहे हैं। जब गृह मंत्री ही अपने क्षेत्र की जनता को सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, तो नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### गृहमंत्री पर साधा निशाना

आकाश केशवानी ने कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा अपने ही जिले में कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह फेल साबित हुए हैं। जब गृह मंत्री के क्षेत्र में हत्या, लूट और गैंगरेप जैसी घटनाएं लगातार हो रही हों, तो यह सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

## गांव गांव पहुंच रही योजनाएं, शिविर में उमड़ा जन सौलाब

# सुशासन तिहार में डिप्टी सीएम ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बोड़ला विकासखंड के ग्राम खड़ौदाकला में आयोजित सुशासन तिहार में उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं, आवेदन प्राप्त किए तथा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का संवेदनशीलता और तय समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना हमारा परम धर्म है और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का उद्देश्य हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हम सभी जनता के सेवक हैं और जनता के कार्य करना हम सबकी जिम्मेदारी है। किसानों और ग्रामीणों के छोटे-छोटे कार्यों को संवेदनशीलता के साथ समय पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों को लंबित नहीं रखा जाना चाहिए और निर्विवाद प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

### सुशासन तिहार शिविर में निःशुल्क दस्तावेज सुविधा

उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार शिविर में बी-1, खसरा और ऋण पुस्तिका जैसी आवश्यक दस्तावेज निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने ग्राम सचिवों को निर्देश दिया कि पंचायतों में इसकी मुनादी कराई जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। पीएम आवास योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई थी। उन्होंने बताया कि आज के शिविर में शामिल 26 ग्राम पंचायतों के 4 हजार से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिली है।

### विवि की सेमेस्टर परीक्षा का शेड्यूल जारी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हेमचंद यादव विवि की आयोजित सेमेस्टर परीक्षा द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम सेमेस्टर व एलएलबी/एलएलएम (प्रथम/तृतीय/ पंचम)-एटीकेटी सत्र मई-जून की परीक्षा 29 मई से आयोजित की जाएगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर सख्ती, बोतल-ड्रम में ईंधन देने पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और उसके संभावित असर को देखते हुए राज्य शासन ने पेट्रोल और डीजल की बिक्री को लेकर प्रदेशभर में नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बोतल, ड्रम या जेरीकेन में पेट्रोल- डीजल का विक्रय नहीं किया जाएगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि ईंधन केवल सीधे वाहनों की टंकियों में ही भरा जाएगा।

आदेश का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों सहित समानांतर विपणनकर्ता कंपनियों के सभी रिटेल आउटलेट संचालकों को इस व्यवस्था का सख्ती से पालन करना होगा। शासन ने मोटर स्पिरिट एवं उच्च वेग डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश 2005 का हवाला देते हुए कहा है कि ड्रम, बोतल अथवा जेरीकेन में ईंधन देना "अप्राधिकृत विक्रय" की श्रेणी में माना जाएगा।

शासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों, निर्माण एजेंसियों और अत्यावश्यक सेवाओं को ड्रम अथवा कंटेनर में ईंधन लेने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यानी एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। मांग और आवश्यकता की जांच के बाद अनुमति जारी की जाएगी। अनुमति मिलने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निर्धारित मात्रा में ईंधन उपलब्ध करा सकेंगे। सरकार का मानना है कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक खरीदी और भंडारण की आशंका बढ़ सकती है। इसी को रोकने तथा आम उपभोक्ताओं को नियमित रूप से ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

## एसडीएम की अनुमति के बाद मिलेगा ईंधन



### प्रशासन को निगरानी बढ़ाने के निर्देश

राज्य शासन ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को पेट्रोल पंपों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की जमाखोरी, कालाबाजारी या अनियमित वितरण की स्थिति उत्पन्न न हो। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नई व्यवस्था में किसानों और अत्यावश्यक सेवाओं को राहत भी दी गई है। रबी फसल कटाई तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को देखते हुए किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अलावा सड़क निर्माण, भवन निर्माण जैसे समयबद्ध शासकीय कार्यों के साथ अस्पताल, मोबाइल टॉवर जैसी आवश्यक सेवाओं को भी प्रतिबंध से छूट दी गई है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन निगम का हो गठन : राव

**भिलाई।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के संयोजक के उमाशंकर राव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन निगम का शीघ्र गठन किए जाने की मांग की है। राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बने 26 वर्ष हो चुके हैं। किन्तु आज तक छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन निगम नहीं बन पाया। देश के सभी राज्यों में राज्य परिवहन निगम सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। देश के अन्य राज्यों में राज्य परिवहन निगम द्वारा बेहतर बस सेवा दिया जा रहा है। इससे राज्य के युवाओं और महिलाओं को स्थाई रोजगार मिल पाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य में राज्य परिवहन निगम प्रारंभ होने पर किफायती दर पर आम जनता को बेहतर बस सेवा उपलब्ध होगी। राज्य में प्राइवेट बस सुविधा बहुत महंगी होने के कारण आम लोगों अधिक भार का बोझ सहना पड़ रहा है। हर जिले, कस्बे तथा गांव को बस सेवा से जोड़कर छत्तीसगढ़ राज्य वासियों को बेहतर सुविधा दिया जा सकता है।

### निलंबित एआरओ अनिल कुमार मेश्राम बहाल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन करने के कारण निलंबित अनिल कुमार मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी को बहाल कर दिया गया है। उन्हे बहाली के बाद जोन कार्यालय जोन-05 में पदस्थ किया गया है। मेश्राम द्वारा प्रस्तुत जवाब प्रथमदृष्ट्या संतोषप्रद नहीं होने के कारण उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई थी। विभागीय जांच प्रक्रिया पूर्ण होने में समय लगने की संभावना है। इसलिए निगम आयुक़्त राजीव कुमार पाण्डेय ने समुचित विचार उपरांत अनिल मेश्राम सहायक राजस्व अधिकारी को बहाल किया है।

### नगर पालिका जामुल का बजट भेदभावपूर्ण : सरोजनी

**भिलाई।** नगर पालिका जामुलअध्यक्ष ईश्वर सिंग ठाकुर द्वारा पेश किया गया। इस बजट में बेडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल सहित तमाम खेलों के लिए इंडोर स्टेडियम की बात कही गई है। इस बजट को सरोजनी चन्द्राकर ने भेदभावपूर्ण बताया। सरोजनी चन्द्राकर ने बताया कि इस बजट में जनता की मूलभूत सुविधाओं को नजर अंदाज किया गया है। वार्ड नं. 4 की जनता सड़क के लिए तरस रही है। उसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। पूरी तरह से बजट भेदभाव पूर्ण है।

**मौसम :** आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी, दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर न निकले

# जिले में पारा 44 डिग्री पार, विभाग का ऑरेंज अलर्ट, जिला अस्पताल में बना स्पेशल लू-वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी एवं ग्रीष्म लहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं जिला चिकित्सालय बेमेतरा द्वारा आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने तथा लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ में नवतपा शुरू होने से पहले ही भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। गुरुवार और शुक्रवार को बेमेतरा जिले में तेज गर्म हवाओं और झुलसा देने वाली धूप ने जनजीवन को प्रभावित किया। जिले का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि रात के समय भी गर्म हवाएं चलती रहीं। दोपहर में स्थिति इतनी गंभीर रही कि कूलर भी ठंडी हवा देने में असफल रहे। मौसम विभाग ने बेमेतरा सहित बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, बलौदा बाजार, रायपुर, धमतरी, दुर्ग, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा राजनांदगांव जिलों में ग्रीष्म लहर की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार बेमेतरा में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं कोरबा, गरियाबंद, महासमुंद, बालोद एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में भी हीटवेव की संभावना जताई गई है।

- मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट




**दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर न निकलने की अपील:** सिविल सर्जन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना अत्यंत आवश्यक हो तो हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें तथा पूरे शरीर को ढंककर रखें। धूप से बचाव के लिए छाता, टोपी, गमछा एवं धूप के चश्मे का उपयोग करें।

**लू से बचाव के लिए बरतें ये सावधानियां:** पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थ लें, प्यास न लगने पर भी समय-समय पर पानी पीते रहें। ओआरएस, नींबू पानी, छाछ एवं नारियल पानी का सेवन करें। अत्यधिक चाय, कॉफी एवं शराब के सेवन से बचें। ताजा फल एवं हल्का भोजन लें। बासी, तला-भुना और अधिक मसालेदार भोजन से परहेज करें। बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं का रखें विशेष ध्यान । बच्चों या पशुओं को बंद वाहन में अकेला न छोड़ें। बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं को तेज धूप से बचाकर रखें। धूप में कार्य करने वाले श्रमिक समय-समय पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा नियमित अंतराल में पानी पीते रहें।

### लू लगने के प्रमुख लक्षण

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तेज बुखार, चक्कर आना, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी, घबराहट, तेज धड़कन एवं सांस लेने में कठिनाई लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं। हीट स्ट्रोक की स्थिति में तुरंत करें ये उपाय यदि किसी व्यक्ति को हीट स्ट्रोक हो जाए तो उसे तुरंत ठंडी एवं छायादार जगह पर ले जाएं। शरीर पर ठंडे पानी की पट्टी करें। मरीज के होश में होने पर उसे पानी या ओआरएस पिलाएं तथा तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला चिकित्सालय बेमेतरा पहुंचाएं।

### अस्पताल में विशेष लू-वार्ड तैयार

डॉ. लोकेश साहू ने बताया कि जिला चिकित्सालय बेमेतरा में लू से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए विशेष लू-वार्ड तैयार किया गया है। अस्पताल में ओआरएस, आईवी फ्लूड एवं आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं सुरक्षित रहें तथा आसपास के लोगों को भी गर्मी एवं लू से बचाव के प्रति जागरूक करें।

# बस्तर के विकास में महती योगदान दे रही सेल की रावघाट रेल परियोजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वर्षों तक घने जंगलों और सीमित संसाधनों के कारण विकास की मुख्यधारा से दूर रहा बस्तर आज आगे बढ़ रहा है। दल्लीराजहरा रावघाट रेल परियोजना की प्रगति से इस परिवर्तन में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र व भारतीय रेलवे के साथ मिलकर औद्योगिक आवश्यकता के साथ बस्तर के सामाजिक और आर्थिक बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से गुजरने वाली इस लाइन के निर्माण में सुरक्षा के लिए गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार दल्लीराजहरा से रावघाट तक के आंतरिक क्षेत्रों में सेल द्वारा 4 अर्ध-स्थायी तथा 21 स्थायी सुरक्षा शिविरों का निर्माण कराया गया, जिस पर सेल द्वारा 180 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की गई। रेलवे निर्माण कार्य भारतीय रेलवे द्वारा सेल के वित्तीय सहयोग से किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी आरवीएनएल है।

- सामाजिक आर्थिक बदलाव में बीएसपी बना आधार

अब रावघाट माइंस से सीधे रेल रेक संचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है और आगामी कुछ सप्ताहों में रावघाट से रेक डिस्पैच प्रारंभ होने की संभावना है। दल्ली राजहरा से तरोकी तक यात्री ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद बस्तर अंचल के लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के नए रास्ते खुले हैं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े 7 लाख की ठगी दो साल तक नौकरी का झांसा देकर ऐंठी रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति के बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे करीब साढ़े सात लाख रुपए वसूल लिए थे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मामले में लेनदेन से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र कुमार बंछोर, निवासी तालपुरी ने थाना भिलाई नगर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसके परिचित अमनदीप सोढी ने उसके पुत्र को नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। आरोपी ने वर्ष 2022 से 2024 के बीच नियुक्ति दिलाने के नाम पर अलग-अलग समय में कुल 7 लाख 50 हजार रुपए नगद लिए और छह माह के भीतर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही आरोपी ने रकम वापस की। खुद को ठगा महसूस करने पर प्रार्थी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में थाना भिलाई नगर पुलिस ने धारा 420 भारतीय न्याय संहिता में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी अमनदीप सोढी के खिलाफ धोखाधड़ी के पर्याप्त साक्ष्य मिले, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमनदीप सोढी, उम्र 36 वर्ष, निवासी बी-1, छत्तीसगढ़ कॉलेज धनोरा के पास, जिला दुर्ग के रूप में हुई है।

- भिलाईनगर पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा



# फास्टफूड बाजार में लोगों की सेहत से खिलवाड़, 30 लीटर में बिक रहा सॉस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में फास्टफूड के बढ़ते कारोबार के बीच अब लोगों की सेहत को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। शहर के कई फास्टफूड सेंटर, चाट दुकान, मोमोज स्टॉल और छोटे होटल में बेहद कम कीमत वाला टोमेटो और वेजिटेबल सॉस धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बाजार में महज 30 रुपए प्रति लीटर में मिलने वाला सॉस दुकानों तक पहुंच रहा है, जबकि नामी कंपनियों के एक लीटर सॉस की कीमत करीब 160 रुपए या उससे अधिक है। विभागीय अधिकारियों की ढिलाई के कारण ऐसे उत्पाद खुलेआम बाजार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर 30 रुपए लीटर में मिलने वाला यह सॉस किस गुणवत्ता और किस सामग्री से तैयार किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर भी गंभीर आशंका जताई जा रही है। कम लागत और ज्यादा मुनाफे के चक्कर में कई फास्टफूड संचालक सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले सॉस का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# युवक की संदिग्ध मौत परिजनों ने कहा-हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-3 के पुरैना स्टोर पारा इलाके में गुरुवार सुबह एक 29 वर्षीय युवक की उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। मृतक की पहचान नसरू सोना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक की मौत से पहले इलाके में मारपीट की एक घटना हुई थी, जिसके बाद अब हत्या की आशंका जताई जा रही है। मामला भिलाई-3 के जीआरपी थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए एक युवक को हिरासत में लिया, लेकिन जैसे ही पुलिस टीम उसे लेकर जाने लगी, वहां मौजूद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वाहन को घेर लिया और हिरासत में लिए गए युवक के साथ मारपीट करने की कोशिश की। कुछ देर के लिए इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। जीआरपी प्रभारी ने टीम की मदद से किसी तरह युवक को भीड़ से बचाते हुए सुरक्षित थाने पहुंचाया।

- हिरासत में लिए युवक को भीड़ ने किया पीटने का प्रयास




